प्रीलिम्स फैक्ट्स : 11 दिसंबर, 2018

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

दृष्टि The Vision

//

10 दिसंबर, 2018 को सतह से सतह पर लंबी दूरी तक मार करने वाली और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम **अग्नि-5 मिसाइल** का सफल परीक्षण किया गया।

- इस मिसाइल को ओडिशा तट के समीप डॉ. अब्दुल कलाम द्वीप से मोबाइल लॉन्चर के ज़रिये प्रक्षेपित किया गया।
- अग्नि-5 एक त्रि-स्तरीय (Three stages) मिसाइल है। इसकी लंबाई लगभग 17 मीटर और व्यास 2 मीटर है। यह मिसाइल 1.5 टन परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम है।
- अग्नि-5 मिसाइल का यह सातवाँ सफल प्रक्षेपण था। पिछला प्रक्षेपण 3 जून, 2018 को किया गया था।
- अग्नि मिसाइल श्रृंखला की दूसरी अन्य मिसाइलों के विपरीत, अग्नि-5 नेविगेशन, गाइडेंस, वारहैड और इंजन के संदर्भ में नई प्रौद्योगिकियों के साथ सबसे उन्नत मिसाइल है।
- इस मिसाइल को इस प्रकार से डिज़ाइन किया गया है कि यह लक्ष्य को सटीकता से भेद सके। यह मिसाइल उसके अंदर लगे कंप्यूटर द्वारा निर्देशित होगी।
- अग्नि-5 वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से निर्मित स्वदेशी मिसाइल है।

कैगा परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Kaiga Nuclear Power Plant)

10 दिसंबर, 2018 को कर्नाटक स्थित **कैगा परमाणु संयंत्र ने 941 दिनों** के लिये सबसे लंबे समय तक निर्बाध संचालन कर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। उल्लेखनीय है कि **कैगा जेनरेटिंग स्टेशन** (KGS-1) ने ब्रिटेन के रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रचा है।

- इससे पहले यह रिकॉर्ड ब्रिटेन के **हेशाम-2 यूनिट-8 (Heysham-2 Unit-8)** के नाम था जिसने दुनिया के **सभी परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों के बीच** सबसे लंबे समय तक निर्बाध संचालन **(940 दिन)** का रिकॉर्ड स्थापित किया था।
- उल्लेखनीय है कि KGS-1 **प्रेसराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर** (Pressurised Heavy Water Reactor- PHWR) है, जबकि हेशाम -2 यूनिट -8 एक **एडवांस्ड गैस कूल्ड रिएक्टर** (Advanced Gas Cooled Reactor- AGR) है।
- इस साल 25 अक्तूबर को KGS-1 ने **कनाडा के ओंटारियो** (Ontario) **स्थित पिकरिंग -7 (Pickering-7)** के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था जिसने 7 अक्तूबर, 1994 को सभी PWRS के बीच सबसे लंबे समय (894 दिनों और कुछ घंटों) तक निर्बाध संचालन का रिकॉर्ड बनाया था। पिकरिंग-7 द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को 24 साल बाद तोड़ा गया था।
- जून में KGS-1 ने 766 **दिनों तक निरंतर संचालन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड** स्थापित किया था।

पृष्ठभूमि

- कर्नाटक के बंदरगाह शहर **करवार** से 56 किमी. दूर स्थित कैगा में KGS -1, 13 मई, 2016 से लगातार बिजली उत्पादन कर रहा है।
- यह घरेलू ईंधन (यूरेनियम) द्वारा संचालित स्वदेश निर्मित PHWR है।
- इसने 16 नवंबर, 2000 को वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया और अब तक 500 करोड़ यूनिट ऊर्जा का उत्पादन कर चुका है।

दृष्टि The Vision

यूनिसेफ का स्थापना दिवस (Foundation Day of UNICEF)

11 दिसंबर को यूनिसेफ का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

- यूनीसेफ की स्थापना 11 दिसंबर, 1946 को द्वितीय विश्वयुद्ध में नष्ट हुए राष्ट्रों के बच्चों को पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी।
- इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क (अमेरिका) में है।
- यूनिसेफ 190 देशों और क्षेत्रों में बच्चों के जीवन को बचाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने बचपन से किशोरावस्था तक अपनी क्षमता को परिपूर्ण करने में उनकी मदद करने के लिये काम करता है।
- यूनिसेफ सभी बच्चों की रक्षा करने हेतु सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने और नीतियों को बढ़ावा देने के लिये दुनिया भर के भागीदारों के साथ काम करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-11-12-2018